**समाचार**

**सुशासन तिहार 2025**

# कोरबा नगर निगम के 07 जोन कार्यालयों में लगे शिविर, महापौर, आयुक्त व सभापति पहुंचे शिविरों में, किया निरीक्षण

**(08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक इन शिविरो में आमजन से लिए जा रहे उनकी शिकायतों व मांग संबंधी आवेदन)**




कोरबा 07 अप्रैल 2025 – सुशासन तिहार 2025 के तहत आज नगर पालिक निगम कोरबा के सभी 07 जोन कार्यालयों में शिविर लगाए गए, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय व सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर ने इन शिविरों में पहुंचकर शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होने शिविर में अपने आवेदन जमा कराने आएं नागरिकों से उनकी समस्याओं, शिकायतों व मांग आदि की जानकारी ली, साथ ही शिविर के सुचारू संचालन के संबंध में संबंधित जोन कमिश्नरों व अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पार्षद अशोक चावलानी, नरेन्द्र देवांगन, हितानंद अग्रवाल, कृपाराम साहू सहित अन्य पार्षद भी शिविरों में पहुंचे तथा अपनी सहभागिता दी।

यहॉ उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण प्रदेश में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसका आगाज आज 08 अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के पहले चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आमजनता से उनकी शिकायतों एवं मांगों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे, तत्पश्चात द्वितीय चरण के

अंतर्गत एक माह के भीतर इन प्राप्त आवेदनों का निराकरण कराया जाएगा। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 05 मई से 31 मई तक वार्डो में समाधान शिविर लगाए जाएंगे। आयोजन के प्रथम चरण में आज नगर पालिक निगम कोरबा के कोरबा, टीपीनगर, कोसाबाड़ी, रविशंकर शुक्लनगर, बालको, दर्री व सर्वमंगला इन सभी 07 जोन कार्यालयों में शिविर लगाकर नागरिकों से उनके आवेदन प्राप्त किए गए। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय एवं सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर ने इन शिविरों में पहुंचकर शिविरों का निरीक्षण किया, आयोजन किए जा रहे शिविरों में जोन के प्रत्येक वार्ड हेतु पृथक–पृथक काउंटर स्थापित कर वार्डवार आवेदन लिए जा रहे हैं, महापौर, आयुक्त व सभापति ने प्रत्येक वार्डवार स्थापित काउंटरों का निरीक्षण किया, प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली, साथ ही आवेदन जमा कराने हेतु शिविर में पहुंचे नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्या, शिकायत व मांग आदि के संबंध में चर्चा की, उनकी समस्याओं को जाना तथा आवेदन जमा कराकर क्रमबद्ध रूप से उनके निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निदेश दिए। आज आयोजित शिविरों के दौरान मांग संबंधित 620, शिकायत संबंधी 153 सहित कुल 773 आवेदन प्राप्त हुए।

**वार्ड पार्षदों की रही सहभागिता** – जोन कार्यालयों में आयोजित प्रथम चरण के शिविरों में संबंधित वार्ड पार्षदों व एम.आई.सी.सदस्यों ने भी अपनी सहभागिता दी, इस मौके पर अशोक चावलानी, नरेन्द्र देवांगन, हितानंद अग्रवाल, कृपाराम साहू, ममता यादव, रूबीदेवी सागर, सरोज शांडिल्य, फिरतराम साहू, अजय कुमार चन्द्रा, सत्येन्द्र दुबे, आरती सिंह, बहत्तर सिंह कंवर, विनम्र तिवारी, पूर्व लुकेश्वर चौहान सहित अन्य पार्षदों व पूर्व पार्षदों ने शिविरों में पहुंचकर अपने वार्ड के नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों व मांग संबंधी आवेदनों पर नागरिकों से चर्चा की एवं उनके आवेदन जमा कराने में सहयोग प्रदान किया।